(ङ) क्या कुछ उद्योग ऐसे भी हैं जो इस अवमूल्यन के कारण पूर्णतया बन्द हो जाएंगे ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन)) : (क) रुपये का अवमूल्यन और व्यापार व्यवस्था में किए गए सुधार सभी लघु अथवा बड़े उद्योगों में निर्यात में पर्याप्त वृद्धि के लिए अत्यन्त प्रेरणादायक होंगे तथा सामान्य आयात प्रति स्थापना में बढ़ोतरी होगी जिससे समग्र औद्योगिक उत्पादन को और प्रोत्साहन मिलेगा ।

(ख) इलेक्ट्रॉनिक्स, आटोमोबाइल्स पेट्रो-रसायन पर आधारित और धातु पर आधारित कुछ उद्योगों को सामान्यतया "अधिक" कच्चे माल का आयात करने वाले उद्योग माना गया है । ऐसे उद्योग जिन्हें स्वयं नई परिस्थितियों में ढालने में कुछ समय तक कठिनाई आती है वे भी बाद में अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बनकर इससे लाभान्वित होंगे ।

(ग) और (घ) अनेक ऐसे उद्योग हैं जहां आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अतिरिक्त क्षमता सृजन किया जाना है । इन उद्योगों पर अवमूल्यन का प्रभाव यह होगा कि विविधिताओं और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में प्रारम्भ में इन्हें प्रतिस्पर्धात्मक रूप में क्षमतायें स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा । पूंजीगत माल का घरेलू उत्पादन भारतीय उद्योग की कुल आवश्यकताओं के 85% को पूरा करता है और जबकि 15% आवश्यकताओं की पूर्ति निर्यात द्वारा की जाती है । विनिर्माणकारी क्षेत्र के उत्पादन के मूल्यों पर अवमूल्यन का कुल प्रभाव अल्पावधि में भी न्यूनतम होगा । मध्यम अवधि में विनिमय दर का समंजन कुछ इस प्रकार हो जाएगा कि उससे घरेलू उद्योगों को अपनी आवश्यकतायें देशी साधनों से पूरा करने के अधिक अवसर मिलने लगेंगे, जो स्वयं ही औद्योगिक उत्पादन में और तेजी लाने में सहायक सिद्ध होंगे ।

(ङ) ऐसी आशा नहीं है कि अवमूल्यन के कारण कुछ उद्योग पूरी तरह ही बन्द हो जायेंगे ।

**Proposal for Joint Venture of IBM with TATA Group**

**691. MISS SAROJ** KHAPARDE: Will **the** PRIME MINISTER be pleased *to* state:

(a) whether the I. B. M. (International Business Machines) has submitted to Gov ernment a joint venture proposal with the Group as per the Article which red in the Business Times 'Times of India") dated 3rd July, 1991; and

hat are the details thereof?

THE MINISTER ' E IN THE MINISTRY OE PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) IBM have not submitted any formal proposal to the Government for a joint venture with the Tata Group.

(b) Does not arise.

हिन्दुस्तान फोटो फिल्म कम्पनी के प्रबंध निदेशक के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप

692. श्री राम अवधेश सिंह : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को हिन्दुस्तान फोटो फिल्म कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि पिछली सरकार ने उसके विरुद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराए जाने का आदेश दिया था;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह जांच पूरी कर ली गई है; यदि हां, तो सरकार सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्यु० कं० लि० (एच पी एफ०) के प्रमुख एक अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक हैं । विदेशी सहयोग जम्बो रोल आयात कीमतों एच०पी०एफ० की उत्पाद की गुणवत्ता, अक्षम प्रबन्धन आदि के सम्बन्ध में एच पी एफ० के प्रबन्धन और अध्यक्ष सह-प्रबन्ध